सुविचार विकट परिस्थिति मे आपका धैर्य ही आपका सबसे बडा सहयोगी है l

डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - २० | सोमवार – २८/१०/२०२४ | पृष्ठ – ४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### मोदी की रूस यात्रा

रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच मुलाकात हुई। इस द्विपक्षीय मुलाकात को मुमकिन बनाने के लिए दोनों देशों के दरम्यान अप्रैल 2020 से चल रही सैन्य तनातनी को खत्म करने का पहला अहम कदम उठाया गया है। दोनों नेताओं की मुलाकात पांच साल बाद हुई। कह सकते हैं कि यह रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने की शुरुआत है।

पहला कदम – भारत के लिए यह काफी अहम है कि चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा की वैधता स्वीकार करते हुए अपने सैनिकों को पीछे लाने और वहां तक दोनों देशों के सैनिकों द्वारा गश्ती करने के अधिकार को मान लिया है। इसके बाद ही यह कहना सही रहेगा कि दोनों देश पूर्वी लद्दाख के इलाके में अप्रैल, 2020 के पहले का माहौल वापस ला सके हैं।

पांच बरस बादरू भारतीय जमीन पर चीनी सेना के अतिक्रमण की वजह से ही रिश्तों में अभूतपूर्व तनाव पैदा हुआ। पीएम मोदी पिछले पांच बरसों से राष्ट्रपति चिनफिंग से इसलिए नहीं मिले कि चीन जब तक अपनी सेना पीछे नहीं करेगा, तब तक दोनों की मुलाकात नहीं हो सकती। कजान में हुई बातचीत में जिस तरह रिश्तों को सामान्य बनाने पर जोर दिया गया है, उसके मद्देनजर भारत का जोर इस बात पर रहेगा कि LAC के पीछे के इलाकों से दोनों देश अपनी सैन्य तैनाती पूरी तरह खत्म कर दें।

राहत की बात – चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख के बर्फीले पर्वतीय सीमांत इलाकों में एलएसी के काफी भीतर तक घुस आए थे। उन्हें पीछे हटने पर मजबूर करने के लिए दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच 21 दौर की वार्ता हुई। राजनयिक, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और विदेश मंत्रियों के स्तर पर भी लगभग इतने ही दौर की बात चली। तब जाकर कहीं ताजा सहमति बन पाई है। भारत के लिए राहत की बात यह है कि देपसांग और डेमचोक पर भी सहमति बनी है।

## नीमच , मन्दसौर , सिवनी मेडिकल कॉलेज का 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री करेंगे लोकार्पण l

*नीमच , मन्दासैर , सिवनी को दीपावली पर बडी सौगात देगे प्रधानमंत्री – सीएम यादव*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अक्टूबर को नीमच, मंदसौर और सिवनी में मेडिकल कॉलेजों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। साथ ही 81 लाख किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपए की सहायता राशि ट्रांसफर और 512 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति–पत्र का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रदेश सहित नीमच, मंदसौर और सिवनी जिले को दीपावली पर यह बड़ी सौगात देंगे।

मुख्य कार्यक्रम मंदसौर में होगा। प्रदेश के किसानों को दीपावली के पहले यह राशि मिल जाने से उनके त्योहार की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी। मंदसौर, नीमच और सिवनी मे




मेडिकल कॉलेज खुल जाने से क्षेत्र की जनता को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही प्रदेश के युवाओं को मेडिकलक्षेत्र में रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जिस गति से प्रदेश के जिलों में चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किये जा रहे है। आगे आने वाले समय में हर जिले में चिकित्सा महाविद्यालय होगा।

## बॉर्डर पर तनाव कम करने के लिए अगला स्टेप तभी जब भारत को यकिन हो जाए की चीन भी यही चाह रहा हैl

रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा– दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।

हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे, यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया। पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है।

28 और 29 अक्टूबर तक दोनों देश देपसांग और डेमचोक से अपनी–अपनी सेनाएं पूरी तरह हटा लेंगे। पेट्रोलिंग के लिए सीमित सैनिकों की संख्या तय की गई है। संख्या कितनी है, इसकी अभी जानकारी नहीं

## मुम्बई के बान्द्रा टर्मिनस में भगदड ,दस यात्री घायल l

मुंबई के बांद्रा टर्मिनस पर रविवार सुबह मची भगदड़ में 9 यात्री घायल हो गए हैं। 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसा प्लेटफॉर्म नंबर–1 पर सुबह करीब 6 बजे हुआ। अधिकारियों ने बताया कि प्लेटफॉर्म पर गोरखपुर–बांद्रा एक्सप्रेस आई थी, उसमें चढ़ने के लिए यात्रियों के बीच भगदड़ मच गई।

घायलों की पहचान शब्बीर अब्दुल रहमान (40), परमेश्वर सुखदर गुप्ता (28), रवीन्द्र हरिहर चुमा (30), रवीन्द्र प्रसाद प्रजापति (29), संजय तिलकराम कांगे (27), दिव्यांशु यादव (18), मोहम्मद शरीफ शेख (25), इंद्रजीत साहनी (19) और नूर मोहम्मद शेख (18) के रूप में हुई है। इनमें से शाहनी और नूर की हालत गंभीर है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बांद्रा की घटना यही दर्शाती है कि मौजूदा रेल मंत्री कितने अक्षम हैं। बीजेपी ने चुनावों के लिए अश्विनी वैष्णव को बीजेपी महाराष्ट्र का प्रभारी बनाया है, लेकिन हर हफ्ते रेलवे के साथ कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। यह कितनी शर्म की बात है कि हमारा देश ऐसे अक्षम मंत्रियों के हाथ में है।

## सरकार के प्रमुख मे मिलना डील होना नही वे न्यायपालिका के लिए बजट देते है पत्र पर निर्भ नही रह सकते - सीजेआई l

*सरकार के प्रमुख जब चीफ जस्टीस से मिलते है तो उसमे परिपक्वता होती है*



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है।चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा।

ये मीटिंग पॉलिटिकल मैच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी सीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो।

## भारत चीन सीमा पर दो वजहों से समझोता ,हम अडे रहे, सैना डटी रही और कुटनीती - विदेशमंत्री एस जयशंकर

*आज सैना देश की रक्षा के लिए हर मुकाम पर डटी है*



भारत–चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार का अपनी बात पर अड़े रहना काम कर गया। आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, उसके दो कारण हैं। पहला– हम अपनी बात से पीछे नहीं हटे यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि सेना देश की रक्षा के लिए हर मौके पर डटी रही और कूटनीति ने अपना काम किया। दूसरा– पिछले एक दशक में हमने अपने बुनियादी ढांचे में भी सुधार किया है। जयशंकर ने कहा– मुझे लगता है कि इन दो कारणों के चलते भारत–चीन सीमा विवाद पर पेट्रोलिंग का मुद्दा हल हो सका है। विदेश मंत्री ने यह बात शनिवार को पुणे के एक कार्यक्रम में कही।

## बारामुला हमले में शामिल अंातकी हथियार , बैंग छोड जंगल मे भागेl

जम्मू–कश्मीर के बारामूला में हुए आतंकी हमले को लेकर नए खुलासे हुए हैं। बारामूला के मोहम्मद जैद मलिक ने भास्कर को शनिवार सुबह बताया कि हमले में 3–4 आतंकियों के शामिल होने के सबूत मिले हैं। आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार तीसरे दिन भी जारी है।

उधर, आर्मी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एमके साहू ने कहा– सेना के वाहन पर गोलीबारी होने पर हमारे सैनिकों ने तेजी से जवाबी कार्रवाई की थी, जिससे आतंकवादियों को हथियार और बैग छोड़कर पीछे हटना पड़ा। वे एक नाले का फायदा उठाकर घने जंगल में भाग गए। अंधेरा होने के कारण आतंकियों को भागने में सफलता मिली।

दरअसल, एलओसी के पास 24 अक्टूबर की देर रात सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 3 जवान शहीद हुए थे। साथ ही 2 पोर्टर वर्कर्स की भी मौत हुई थी।

## जम्मू-कश्मीर को राज्या का दर्ज देने पर क्रेंन्द्र की सहमती ,संसद के विंटीर सेशन में प्रस्ताव लाया जाएगा

*लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा*



केंद्र में जम्मू–कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा।

राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था।

2019 में अनुच्छेद 370 हटाते समय जम्मू–कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था।

## लोरेंस कस्टडी इंटरव्यू केस में सात सस्पेंड ,जिसमें दो डीएसपी , तीन एसआई , एक एएसआई शामिल

*७ अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कोताही व लापरवाही का आरोपी माना।*

गैंगस्टर लॉरेंस के जेल से इंटरव्यू मामले में सरकार ने आरोपी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित एसआईटी ने 7 अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कोताही व लापरवाही का आरोपी माना। इसके बाद सभी को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए गए हैं ये आदेश राज्य के गृह विभाग के प्रमुख सचिव गुरकीरत कृपाल सिंह ने शुक्रवार देर शाम जारी किए जिन अधिकारियों–कर्मचारियों को सस्पेंड किया गया। उनमें डीएसपी से लेकर हेड कॉन्स्टेबल रैंक तक के अधिकारी–कर्मचारी शामिल हैं।इसमें डीएसपी गुरशेर सिंह (अमृतसर स्थित 9 बटालियन),डीएसपी समर वनीत, सब इंस्पेक्टर रीना सब इंस्पेक्टर जगतपाल जंगू AGTF में तैनात), सब इंस्पेक्टर शगनजीत सिंह AGTF ASI मुखत्यार सिंह और हेड कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश शामिल हैं।



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



## मोबाईल चोर को एक वर्ष का कारावास ।

मनासा। सुश्री प्रीति परिहार, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनासा के द्वारा फरियादी की दुकान से मोबाईल की चोरी करने वाले आरोपी नरेन्द्र पिता कंवरलाल बावरी, उम्र–35 वर्ष, निवासी–ग्राम जालीनेर, थाना मनासा, जिला नीमच को धारा 379 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01 वर्ष के कारावास व 500रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री विपिन मण्डलोई द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 06 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 23.03.2018 को शाम के लगभग 7:30 बजे मंदसौर नाका, मनासा स्थित फरियादी राकेश पाटीदार के संस्थान पाटीदार प्राविजन किराना स्टोर की हैं। फरियादी राकेश पाटीदार ने थाना मनासा पर उपस्थित होकर लेख कराई कि घटना दिनांक को उसकी दुकान पर एक व्यक्ति शक्कर और चायपत्ति लेकर गया था, जिसके आधे घण्टे बाद उसको पता चला कि उसका जियोनी कंपनी का मोबाईल, जिसमें 2 सिम लगी हुई हैं वह नहीं मिल रहा हैं। फरियादी ने उसकी दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों पर चौक किया तो जो व्यक्ति शक्कर व चायपत्ती ले गया था वही व्यक्ति उसके मोबाईल को भी चोरी करके ले गया हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना मनासा में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध की गई। पुलिस ने विवेचना के दौरान सीसीटीवी में दिख रहे व्यक्ति की पहचान कि जो कि आरोपी नरेन्द्र बावरी था। विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फरियादी का मोबाईल जप्त किया तथा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को साक्ष्य के रूप में संग्रहित कर आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र मनासा न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## कलेक्टर के निर्देष पर पंचायतों में शुरू हुई जनसुनवाई

नीमच 22अक्टूबर 2024, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत और निकाय स्तर पर जनसुनवाई शुरू की गई है। ग्राम पंचायतअल्हेड़ में सरपंच श्री आनंद श्रीवास्तव, सचिव श्री अल्ताफ मंसूरी, पटवारी श्री अजय शर्मा, सीएचओ श्री लोकेन्द्रसिंह पंवार और ग्राम पंचायत के समस्त कर्मचारी जनसुनवाई में उपस्थित थे। यहां जनसुनवाई में दो ग्रामीणों ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। पहला आवेदन मोहन गिरी का प्राप्त हुआ। वृद्धा पेंशन के लिए इन्होंने आवेदन दिया। सरपंच ने आवेदन प्राप्त कर, उसका तत्काल निराकरण किया एवं मोहन गिरी को पेंशन स्वीकृत की गई। दूसरा आवेदन पिंकेश माली ने दिया। अंसगठित मजदूर सबंधी पंजीयन हेतु श्री माली ने आवेदन किया। सचिव श्री मंसूरी ने आवेदन की जांच कर, उसका निराकरण किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

## 2 हजार लीटर लहान नष्ट किया

नीमच कुकड़ेश्वर पुलिस ने 2 हजार लीटर लहान नष्ट किया जिसकी कीमती 50 हजार रुपए बताई जा रही है। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गांव कड़ी आंतरी में बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनाने के लिए लहान इक्कठा किया है। सूचना के आधार पुलिस पुलिस पहुंची। इसी सूचना पहले ही आरोपियों को लग गई। ऐसे आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस मौके पर देखा तो 4 बड़े ड्रम में महुआ लहान भरा था। महुआ पानी में लगाकर शराब बनाने के लिए तैयार की जा रहा था। इस तरह कुल 2 हजार लीटर महुआ लहान मिला। सभी को मौके पर नष्ट करवाया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## सट्टा अंक लिखते एक आरोपी पकड़ाया

नीमच जावद पुलिस को बस स्टैंड पर भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सेंगवा फंटे पर सट्टा अंक लिख रहा है। पुलिस सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची। आरोपी ने नाम सुनील (76) पिता रामचन्द्र धोबी निवासी अठाना बताया। आरोपी के कब्जे से एक सट्टा अंक लिखी पर्ची व एक लीड–पेन के साथ 260 रुपए मिले। आरोपी के खिलाफ सट्टा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## नीमच में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न– ९७ वृद्धजन लाभांवित



नीमच 23 अक्टूबर 2024, जिला चिकित्सालय नीमच द्वारा बुधवार को रेडक्रॉस सभागार में सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में वृद्धजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 97 वृद्धजनों ने उपचार का लाभ लिया। वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.संगीता भारती, मेडीकल विशेषज्ञ डॉ.भानप्रताप अहिरवार, डॉ.विनय वर्मा, दंत चिकित्सक डॉ.प्रियंका देवपुरिया ने शिविर में मरीजों का परीक्षण कर, उपचार किया एंव निःशुल्क दवाई वितरित की। एनसीडी क्लिनिक स्टाफ श्री मनीष व्यास, नीलम वैध एव नर्सिंग विद्यार्थी फिजा खान ने मरीजों के बी.पी. शुगर की जाँच कर, पीला कार्ड बनाया और वृद्धावस्था से जुड़ी देखभाल के बारे में जानकारी दी।

## नीमच जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधिक्षक का मुख्यमंत्री जिला आगमन प्रस्तावित कार्यक्रम का जायजा ।

**29 अक्टूम्बर को मोहन यादव का नीमच मे दौरा प्रस्तावित है।**



नीमच 25 अक्टूबर 2024 कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नीमच में 29 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री

डॉ मोहन यादव नीमच में मेडिकल कॉलेज के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 29 अक्टूबर को देश एवं प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। कलेक्टर एवं एसपी ने शुक्रवार की शाम को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शासकीय मेडिकल कॉलेज नीमच में प्रस्तावित मुख्यमंत्री डॉ यादव के कार्यक्रम की तैयारी का अवलोकन किया और अधिकारियों का आवश्यक निर्देश भी दिए । उन्होंने कॉलेज परिसर में मंच निर्माण, सभा स्थल, कॉलेज में कक्षाओं में विद्यार्थि यों एवं मेडिकल शिक्षकों से संवाद पार्किंग व्यवस्था, हेलीपैड व्यवस्था एवं अन्य तैयारियां का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, एसडीम डॉ. ममता खेड़े, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अरविंद घंनघोरिया, लोक निर्माण ,पीआईयू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों का निराकरण विभागीय समन्वय से करें - कलेक्टर चन्द्रा



नीमच 21 अक्टूबर 2024, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिले में दर्ज प्रकरणों में पीड़ित को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के लिये विभिन्न दस्तावेजों की प्रक्रिया की पूर्ति हेतु संबंधित सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें जिससे कि प्रकरणों की स्वीकृति एवं राहत राशि का समय–सीमा में पीड़ित को भुगतान किया जा सके। यह निर्देश सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में कलेक्टर नीमच हिमांशु चन्द्रा द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये गए। बैठक में अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत राहत प्रकरणों की जानकारी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याणश्री राकेश कुमार राठौर, ने दी। बैठक में अशासकीय सदस्य श्री हेमंत हरित, श्री रतनलाल मालावत, जिला लोक अभियोजन अधिकारीश्री जगदीश चौहान, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री चंद्र प्रकाश नाफडें विशेष लोक अभियोजक श्री केपीएस झाला, थाना प्रभारी अजाक श्रीमती शब्बी मेव, एवं विभागीय अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## दो आरोपियों को छ:माह तक थाना हाजरी का आदेश ।

नीमच 23 अक्ध्टूबर 2024, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1090 की धारा–5(क,ख) के तहत आरोपी जाकीर पिता फकीर मोहम्मद निवासी मनासा, पुलिस थाना मनासा एवं आरोपी मनीष पिता नंदकिशोर यादव निवासी धानका मोहल्ला नीमच, पुलिस थाना नीमच केंट को छह–छह माह के लिए समाचार बनाये रखने के लिए पुलिस थाना मनासा एवं नीमच केंट में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी

## जिला कलेक्टर ने किया विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए प्रस्तावित भुमि का अवलोकन




नीमच 23अक्टूबर 2024, कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने बुधवार को नीमच के केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 नीमच के समीप स्थित उपलब्ध शासकीय जमीन नवीन सर्किट हाउस नीमच के समीप स्थित शासकीय जमीन एवं

हवाई पट्टी से लगी हुई शासकीय जमीन का मौके पर अवलोकन कर प्रस्ध्तावित विभिन्ध्न शासकीय प्रोजेक्ट के लिए उपलब्ध्ध भूमि की उपयुक्तता का जायजा लिया और मौका मुआयना किया। इस मौके पर एस.डी. एम. ममता खेड़े तहसीलदार श्री संजय मालवीय, राजस्व टीम एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा एवं पी. आई.यू के सहायक यंत्री श्री रिंकु चौहान भी उपस्थित थे।

कलेक्टर चन्द्रा ने हवाई पट्टी के समीप निर्मित केंद्रीय विद्यालय नीमच क्रमांक 2 से लगी हुई सी.एम.राईज स्कूल नीमच के लिए आवंटित शासकीय जमीन, पहुंच मार्ग उपलब्ध शासकीय जमीन, सी.एम.राईज स्कूल भवन निर्माण के लिए आवंटित भूमि का मौके पर अवलोकन किया उन्होंने सर्किट हाउस से लगी हुई पिपलियाबाग रोड़ पर म.प्र. हाउसिंग बोर्ड को आवासीय कॉलोनी के लिए प्रस्तावित जमीन का मौके पर कर अवलोकन किया। कलेक्टर ने नीमच की हवाई पट्टी के लिए भविष्य में किए जाने वाली विस्तार कार्यों के लिए उपलब्ध जमीन एवं उपयुक्तता का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने रतनगढ से लिए खाद्य पदार्थ के नमुने



नीमच 23 अक्टूबर 2024, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान निरंतर जारी है ।इस अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने बुधवार को रतनगढ़ में कार्यवाही करते हुए अली किराना ,केशर किराना सेंटर , ,अरिहंत किराना स्टोर ,रोहित किराना ,नामदेव किराना नागर मिष्ठान भंडार ,अंबिका जोधपुर मिष्ठान , सत्यविजय मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर जांच की गईतथा अली किराना स्टोर पुराना बस स्टैंड से एक नमूना आरबी कच्छी धानी मूंगफली तेल पैक,,अरिहंत किराना राधाकृष्ण मार्केट से एक चक्र ब्रांड तेजा मिर्ची पैक,एक नमूना केसरी रवा सूजी पैक, व एक नमूना मारुति गोद बेसन पैक, रोहित किराना स्टोर सब्जी मंडी पुराना स्टोर से एक मिराज सोन पपड़ी व एक नमूना कृति प्रीमियम मस्टर्ड ऑयल पैक, नागर मिष्ठान भंडार सब्जी मंडी पुराना बस स्टैंड से एक नमूना मावा बर्फी लूज एवं अंबिका जोधपुर मिष्ठान भंडार बस स्टैंड से एक नमूना गुलाब जामुन लूज के लिए । सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल एवं इंदौर लेबोरेटरी को भेजे जा रहेहै, जहां से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, ।दीपावली के त्यौहार को देखते हुए इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

# सभी देशवासियों को

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र समाचार पत्र की

# ओर से दीपोत्सव दिपावली की हार्दिक शुभकामनाए

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in



पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

# कश्मीर के बारामूला के गुलमर्ग में सैना के वाहन पर आंतकी हमला , 2 जवान शहीद , 2 पोर्टर की मौत

*हमले में तीन से ज्यादा आंतकी शामिल है,सुरक्षाबलो ने इलाकी की घेरा बंदी कर ली है ।*



जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग के नागिन इलाके में एलओसी के पास गुरुवार शाम 18 राष्ट्रीय राइफल्स के वाहन पर आतंकियों ने हमला किया। आतंकियों की गोलीबारी में 2 जवान शहीद हो गए। इसके अलावा 2 पोर्टर की भी मौत हो गई।पोर्टर सेना की मदद के लिए होते हैं, वे पहाड़ी इलाके और फ्रंट पोस्ट पर सामान पहुंचाने में मदद करते हैं। हमले में सेना के 3 जवान घायल हुए थे। सभी घायलों को श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, इनमें से 2 ने दम तोड़ दिया।हमले में 3 से ज्यादा आतंकी शामिल सेना के सूत्रों के मुताबिक हमले में 3 से ज्यादा आतंकी शामिल हो सकते हैं। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया है और आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकियों ने उत्तरी कश्मीर के बोटा पथरी सेक्टर में एलओसी से घुसपैठ की होगी। सुबह पुलवामा में आतंकी हमलाए मजदूर घायल इससे पहले आज सुबह ही दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के बटगुंड में आंतकवादियों ने एक और मजदूर पर गोलीबारी की थीए जिसमें वो घायल हो गया था।

# पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन की सेनाएं पीछे हटना शुरू , गलवान जैसी झडप टालने के लिए पेट्रलिंग पर भी एक-दुसरे को सूचना देंगे।

*सैना के साथ-साथ गाडिया और मिलिट्री उपकरण भी हटालिए गए है ।*



भारत और चीन की सेनाएं शुक्रवार, 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटना शुरु हो गई हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए हैं। गाड़ियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे ले जाए जा रहे हैं। पेट्रोलिंग के लिए सीमित सैनिकों की संख्या तय की गई है। ये संख्या कितनी है, इसकी अभी जानकारी सामने नहीं आई है। देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी 18 अक्टूबर को सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी । 2020 में भारत – चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

# ब्रिक्स के सहयोगी देशो में पाकिस्तान को जगह नही ,13 देशो को मिला स्थान जिनमें 07 मुस्लिम

ब्रिक्स समिट 2024 का आयोजन रूस के कजान में हुआ। इस दौरान ब्रिक्सने 13 देशों को पार्टनर देश का दर्जा दिया है। इसमें अल्जीरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, नाइजीरिया, तुर्की, उज्बेकिस्तान को मिलाकर 7 मुस्लिम बहुल देश हैं। इसमें पाकिस्तान को जगह नहीं मिली है। पाकिस्तान ने ब्रिक्स देशों में शामिल होने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन उसे पार्टनर देशों में भी जगह नहीं मिल पाई। पार्टनर देश ब्रिक्स के औपचारिक सदस्य नहीं होंगे, लेकिन संगठन की प्लानिंग का हिस्सा होंगे।

इस बार 30 से ज्यादा देशों ने ब्रिक्स की मेंबरशिप के लिए आवेदन किया था। ब्रिक्स समिट में बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने कहा था कि अब नए देशों को शामिल किए जाने से पहले ये ध्यान रखा जाएगा कि इससे संगठन की कार्य क्षमता पर कोई असर न पड़े।

# 5 साल बाद मोदी -जिनपिंग की द्वपक्षीय बातचीत , दोन ने की 50 मिनीट बातचीत

*मोदी बोल दोनो में आपसी विश्वास ओर सम्मान जरूरी।*

भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाए रखने के लिए दोनों नेताओं ने मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 5 साल बाद बुधवार, 23 अक्टूबर को द्विपक्षीय बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने सीमा विवाद को जल्द से जल्द निपटाने, आपसी सहयोग और आपसी विश्वास को बनाए रखने पर जोर दिया। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की य ह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा, श्सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि हम खुले मन से बात करेंगे और हमारी चर्चा कंस्ट्रक्टिव होगी। पीएम मोदी ने कहा– हम 5 साल बाद औपचारिक रूप से बैठक कर रहे हैं। पिछले 4 सालों में सीमा पर पैदा हुई समस्याओं पर जो सहमति बनी है, उसका हम स्वागत करते हैं।

# ईरानी सैन्य अड्डो पर सुबह इजराइली हमला इजराइल ने 200 मिसाइल दागने का लिया बदला

*मिसाइल हमले मे २५ दिन बाद २० ठिकानो पर २०० मिसाईल से हमला का लिया बदला ।*



इजराइल ने 3 घंटे में ईरान के 20 ठिकानों पर हमले किए। अटैक देर रात 2 बजकर 15 मिनट (इजराइल के समय के मुताबिक) पर शुरू हुआ। यह तड़के 5 बजे तक जारी रहे। इसमें मिसाइल फैक्ट्री और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइल डिफेंस फोर्स ने ढाई बजे (स्थानीय समय) ईरान पर हमले की जानकारी दी। के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि इजराइल 1 अक्टूबर को हुए हमले के जवाब में ईरान पर हमले कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान और मिडिल ईस्ट में उसके सहयोगी 7 अक्टूबर 2023 से 7 मोर्चों पर इजराइल पर हमला कर रहे हैं। ऐसे में हमें भी जवाब देने का अधिकारहै। हम इजराइल और हमारे लोगों की रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे । हमले के बाद इजराइल, ईरान और इराक ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। एयर स्ट्राइक के बाद अमेरिका ने इजराइल का समर्थन किया है और कहा है कि यह ईरान के हमले का जवाब है। ईरान ने हमले की पुष्टि की और कहा कि हमले तेहरान, कुजेस्तान और ईलाम राज्यों में हुए। कई हमले को हवा में ही रोक दिया गया। इसलिए थोड़ा ही नुकसान हुआ।

# जंग में रूस उतारेगा नार्थ कोरियाई सैना जेलेस्की का दावा , पश्चिम देश बोले जंग भडकेगी।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को दावा किया कि रूस अब जंग में नॉर्थ कोरिया के सैनिकों को उतारने की तैयारी में हैं। इन सैनिकों को इसी हफ्ते तैनात किया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिमी देशों ने इस कदम से जंग के भड़कने और इसका असर दूसरे क्षेत्रों खासतौर पर इंडो–पैसिफिक में होने की बात कही है। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की खुफिया एजेंसियों ने जो जानकारी जुटाई है उसके मुताबिक नॉर्थ कोरियाई सैनिकों को रविवारसे सोमवार के बीच जंग में भेजा जाएगा। यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने दावा किया कि नॉर्थ कोरिया ने रूस को 12 हजार सैनिक भेजे हैं। इनमें 500 अधिकारी और 3 जनरल शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को अमेरिका ने दावा किया था कि रूस में पहले से ही 3 हजार नॉर्थ कोरियाई सैनिक तैनात हैं। दावे के मुताबिक इन सैनिकों ने रूस के पूर्वी हिस्से में मौजूद सैन्य ठिकानों पर ट्रेनिंग दी गई है।

# भारत ने ब्रिक्स में पाकिस्तान के करीबी तुर्किये की एंट्री रोकी जर्मन अखबार बिल्ड का दावा ।

*जर्मन अखबार बिल्ड में अपनी रिपोर्ट मे दाव किया*




भारत की वजह से ब्रिक्स में तुर्किये की एंट्री नहीं हो पाई है, ये दावा जर्मन अखबार बिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में किया है। इसके मुताबिक तुर्किये ने ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया था, लेकिन भारत की वजह से इसे खारिज कर दिया गया।दरअसल, तुर्किये के पाकिस्तान के साथ करीबी संबंध हैं। कश्मीर मुद्दे पर वो कई बार भारत के खिलाफ बयान दे चुका है। हाल ही में ब्रिक्स समिट के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बयान में कहा था कि संगठन की योजनाएं संस्थापक देशों की सर्वसम्मति से ही बननी चाहिए। पीएम मोदी के इस बयान के बाद से ये कयास लगाए जा रहे हैं कि भारत के विरोध के चलते तुर्किये को ब्रिक्स की सदस्यता नहीं मिल पाई।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा